KGDS
SARASWATI VIDYA MANDIR
RAJ NAGAR GHAZIABAD

सृजन

AUGUST – 2024-25

Where the mind is without fear...

विद्यालय के कर्मचारी भैया एवं दीदी⟨ MTS⟩

सहायक कर्मचारी वे होते हैं जो स्कूल के दैनिक कार्यों में मदद करते हैं, जिसमें मुख्य कार्यालय का संचालन, परदे के पीछे के महत्वपूर्ण कार्य करना, स्कूल की सफाई और रखरखाव, छात्रों के साथ शिक्षकों की सहायता करना, और यहां तक कि छात्रों को स्कूल से लाना-ले जाना भी शामिल है।

कर्मचारी भैयाओं को सम्मानित करने के लिए विद्यालय की ओर से टी शर्ट भेंट की गई ।

"आपको जन्मदिवस की शुभकामनाएं , भगवान आपको सुख समृद्धि, धन दौलत और अच्छा स्वस्थ्य दे , यही कामना हम आपके जन्मदिन पर करते है"



VIDYA MANDIR
Happy Birthday To You

SCHOOL
MEDIUM

SCHOOL
MEDIUM

Happy Birthday

Birthday

KHO-KHO AND VOLLEYBALL

विद्यालय,कुसुम गोयल डॉक्टर संतोष सरस्वती विद्या मंदिर राजनगर गाजियाबाद की अंडर 17 की बहनों ने हापुड़ विद्या मंदिर में चल रही वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में प्रांत से आई सभी टीमों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है बहनों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

बॉलीवाल की बहिनो की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए मुख्य अतिथी ने ट्राफी देकर सम्मानित किया ।

वॉलीवाल प्रतियोगिता

विद्या भारती की 36 वीं प्रांतीय वॉलीवाल प्रतियोगिता में जोकि शामली में आयोजित हुई, अपने विद्यालय कुसुम गोयल डॉ संतोष सरस्वती विद्या मंदिर, राजनगर के अंडर 19 के भैया की वॉलीवाल टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा इसी टीम में से 9 खिलाड़ियों का चयन क्षेत्र के लिए हुआ ।

विद्यालय परिवार की ओर से सभी खिलाड़ी भैया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।

HARIYALI TEEJ

अपने विद्यालय में हरियाली तीज का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम सें मनाया गया ।

विभागीय गणित मेला

दिनॉक 10.08.2024 (शनिवार) को मुरादनगर विद्या मंदिर में विभागीय गणित प्रतियोगिता संपन्न हुई , जिसमें हमारे विद्यालय के 14भैया बहनों ने भाग लिया । इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नमंच, प्रदर्श आदि में विद्यालय को 05 मेडल प्राप्त हुए, जिनमे में एक गोल्ड, एक सिल्वर तथा तीन ब्रोंज मेडल प्राप्त हुए ।
सभी भैया बहनों को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं ।



गोस्वामी तुलसीदास जयंती

11 अगस्त

तुलसीदास जी की 527 में जयंती की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुँ ओर ।

बसीकरन इक मंत्र है, परिहरू बचन कठोर ।।

तुलसीदास जी के दोहे का ये मतलब है: मीठे वचन से हम सब ओर सु
फैला सकते हैं। किसी को भी वश में करने के लिए मिठास भरे शब्द
मन्त्र जैसे होते हैं इसलिए इंसान को चाहिए कि कठोर वचन छोड़कर म
बोलने का प्रयास करे और अनजानों को भी अपना बना ले।

तुलसीदास जयंती के अवसर पर वंदना सत्र में मुख्य उद्बोधन विद्यालय की आचार्या सुश्री उमा जी का रहा। भैया बहनों ने भी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्री रामचरितमानस के पद एवं दोहों का गायन भी किया। हर वर्ष गोस्वामी तुलसीदास की याद में श्रावण मास की सप्तमी के दिन तुलसीदास जयंती मनाई जाती है। महान ग्रंथ श्री रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने कुल 12 ग्रंथों की रचना की। सबसे अधिक ख्याति उनके द्वारा रचित श्री रामचरितमानस को मिली। श्री रामचरितमानस के बाद हनुमान चालीसा उनकी लोकप्रिय रचना है।





अखण्ड भारत दिवस
14 अगस्त

विद्यालय के वंदना सत्र में अखंड भारत दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य उद्बोधन संघ नगर कार्यवाहक श्रीमान संदीप मुदगल जी का रहा। आपने अपनी ओजस्वी वाणी से भैया बहनों को देश के लिए हर क्षण तत्पर और तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। आपने बताया कि अखंड भारत देशवासियों के लिए केवल शब्द नहीं है, यह हमारी श्रद्धा, भाव, देशभक्ति व संकल्पना का अनवरत प्रयास है जिसे प्रत्येक देशभक्त जीवंत महसूस कर सकता है। यह हमारा व आने वाली पीढियों का दायित्व है कि हम इस अखंड भारत के स्वप्न को पूरा करेंगे।

विभागीय विज्ञान मेला

12/08/24(सोमवार) को विभागीय विज्ञान मेला की प्रतियोगिता जो कि विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर साहिबाबाद में संपन्न हुई , उसमें हमारे विद्यालय KGDS SVM राजनगर ने

1. विज्ञान प्रयोग (तरुण वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
2. विज्ञान प्रयोग (किशोर वर्ग)में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस

15TH AUGUST

कुसुम गोयल डॉ. संतोष सरस्वती विद्या मंदिर, राज नगर, गाजियाबाद में 15 अगस्त 2024 को 78 वां स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ घोष संचलन द्वारा अधिकारियों के आगमन से हुआ, तत्पश्चात NCC की केडेट्स बहिनों द्वारा परेड की गई । ध्वजारोहण मुख्य अतिथि का (सी ए) श्रीमान अनिल अग्रवाल जी एवं श्रीमती बबीता अग्रवाल जी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमान प्रवीण चौधरी जी पार्षद वार्ड 84 द्वारा किया गया साथ मे विद्यालय प्रबंध समिति से प्रबधक श्रीमती दीप्ति मित्तल जी अध्यक्ष श्रीमान धुरेन्द्र गोयल जी, समिति सदस्य श्रीमती ऋतु कंसल जी एवं श्री5 नीरज मित्तल जी तथा पूर्व छात्र परिषद की ओर से श्री एकलव्य वैसला, CA श्री सचिन गुप्ता जी, एवं अधिवक्ता श्री मोहित नागर एवं श्री अभिषेक मोतला जी अन्य पूर्व छात्र की गरिमामयी की उपस्तिथि रहीं । कार्यक्रम में आये अतिथियों का परिचय श्रीमान पंकज कुमार शर्मा जी (प्रधानाचार्य) द्वारा कराया गया । उसके उपरांत विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सुंदर-सुंदर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदना से हुआ ।

श्रीमान पंकज कुमार जी चीफ जनरल मैनेजर **NTPC** (सेवानिवृत्त) द्वारा आर्थिक रूप के कमजोर छात्रों को पांच साइकिल भेट की गई । कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार एवं अनेको अभिभावक सम्मिलित रहे । कार्यक्रम का संचालन श्री राहुल वर्मा पीजीटी एकाउंट्स द्वारा किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुआ

19 AUGUST

17 अगस्त 2024 को विद्यालय में रक्षाबंधन का पवित्र पर्व बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया । सभी भैया बहनों ने भाग लिया, सभी बहनों ने भैया को रक्षा सूत्र बांध रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार को मनाया ।

प्रिय भाई, इस रक्षाबंधन पर मैं आपको दुनिया भर की खुशियां, सफलता और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। हमारा प्रेम और सुरक्षा का बंधन सदैव मजबूत बना रहे।

बहनें जीवन के बगीचे में खूबसूरत फूलों की तरह होती हैं। तुम मेरे जीवन की खुशबू और रंग भरती हो।

सभी आचार्य बहनें और आचार्य भैया ने सहभागिता की ।सभी भाइयों ने बहनों की सुरक्षा के लिए संकल्प लिया ।

विद्यालय की बहिनों द्वारा पोस्ट ऑफिस प्रधान कार्यालय नवयुग मार्किट में अधिकारियों एवं कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ्य रहने की कामना की, जिससे वह समाज एवं राष्ट्र कार्य पूर्ण निष्ठा से कर सकें ।

विद्यालय की बहिनों द्वारा थाना कविनगर में पुलिस अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ्य रहने की कामना की, जिससे वह सभी बहिनों और समाज की रक्षा कर सकें ।

HAPPY
Krishna
Janmashtami

Happy
Janmashtami

A UNIT OF VIDYA BHARATI
KUSUM GOEL DR SAN
SARASWATI VIDYA MA
AFFILIATED TO CBSE
SENIC SECONDARY SCHOOL (ENGLIS

AFFILIATED TO
SENIOR SECONDARY SCHOOL

A UNIT OF VIDYA BHARATI
KUSUM GOEL DR SANTOSH
SARASWATI VIDYA MANDIR
AFFILIATED TO CBSE
SENIOR SECONDARY SCHOOL (ENGLISH MEDIUM)

विद्यालय के वंदना सत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम छोटे-छोटे भैया बहनों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया । बहुत सारे भैया भगवान श्री कृष्ण जी के बाल रूप में तथा छोटी-छोटी बालिकाएं राधा रानी तथा गोपियों के रूप में पूर्ण वातावरण आनंदमय कर दिया ।
राधे राधे जय श्री कृष्णा

जन्माष्टमी के उपलक्ष में विद्यालय में कक्षा चतुर्थ तथा पंचम के भैया बहनों ने झूला, मटकी बांसुरी , मुकुट बनाने की गतिविधियों में सहभागिता की ।

क्षेत्रीय वालीबाल प्रतियोगिता

हमारे विद्यालय कुसुम गोयल डॉक्टर संतोष सरस्वती विद्या मंदिर राजनगर की अंडर 17 की बहनों ने 36 वी क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है
अब यह बहने नेशनल खेलने के लिए कर्नाटक जाएगी L💐
विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति की ओर से अनंत हार्दिक शुभकामनायें!
👏👏

अपने विद्यालय कुसुम गोयल डॉक्टर संतोष सरस्वती विद्या मंदिर के अंड र-19 के भैया एवं सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर की संयुक्त टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर नेशनल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान बनाया है💐
विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति की ओर से अनंत हार्दिक शुभकामनायें!

👏👏

अपने विद्यालय कुसुम गोयल डॉ. संतोष सरस्वती विद्या मंदिर राज़ नगर गाज़ियाबाद की टेबल टेनिस(TT) टीम के भाइयों के द्वारा क्षेत्र की प्रतियोगिता जो रुड़की विद्या मंदिर में संपन्न हुई, में शानदार प्रदर्शन करते हुये द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) हासिल किया,👍
इन भाइयों को शानदार प्रदर्शन के लिए बहुत बधाई 💐
विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति की ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनायें 🌹🌹



इसका अर्थ है- हम त्रिनेत्र को पूजते हैं, जो सुगंधित हैं और हमारा पोषण करते हैं। जैसे फल शाखा के बंधन से मुक्त हो जाता है वैसे ही हम भी मृत्यु और नश्वरता से मुक्त हो जाएं।

संपादिका

गीतांजलि गुप्ता

एकता माहेश्वरी